दिनांक 07.11.2026
प्रेस विज्ञप्ति 568/2026

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

जनपद बुलन्दशहर/थाना कोतवाली नगर

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर)**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 06.11.2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर शिकारपुर तिराहा पर मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त आदित्य उर्फ नोनू घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर), 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–आदित्य उर्फ नोनू निवासी देवीपुरा बाल्मीकी बस्ती थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी

1–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर)।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

जनपद हाथरस/थाना कोतवाली नगर

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 07.11.2026 को थाना कोतवाली नगर, थाना हाथरस गेट व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त महिपाल को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–महिपाल निवासी ग्राम सिरसाबदन थाना मारहरा जनपद एटा।

जनपद सीतापुर/थाना तम्बौर

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की सफेद धातु के आभूषण**
- **01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 07.11.2026 को थाना तम्बौर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर छरेहटी मोड़ के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त हंगू उर्फ अंगू उर्फ बिहारी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की सफेद धातु के आभूषण, 01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना तम्बौर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद सीतापुर के विभिन्न थानों पर चोरी, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना तम्बौर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–हंगू उर्फ अंगू उर्फ बिहारी निवासी सघवापुर थाना रेउसा जनपद सीतापुर।

बरामदगी

1–चोरी की सफेद धातु के आभूषण।

2–01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस आदि।

जनपद गाजीपुर/थाना जंगीपुर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **34 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा**
- **01 स्कार्पियों वाहन बरामद**

दिनांक 07.11.2026 को थाना जंगीपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अरसदपुर तिराहा से 02 अभियुक्तों 1–रमेश कुमार 2–राहुल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 34 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा, 01 स्कार्पियों वाहन बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना जंगीपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–रमेश कुमार निवासी मुगलपुरा थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर।

2–राहुल निवासी अमरूद मण्डी राजघाट थाना राजघाट जनपद गोरखपुर।

बरामदगी

1–34 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा ।

2–01 स्कार्पियों वाहन।

जनपद चन्दौली/थाना नौगढ

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **33 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा**
- **01 मैजिक पिकअप वाहन बरामद**

दिनांक 06.11.2026 को थाना नौगढ़ पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जयमोहनी रेंज के पास से अभियुक्त राजीव कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 33 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा, 01 मैजिक पिकअप वाहन बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना नौगढ़ पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–राजीव कुमार निवासी ग्राम खण्डामौड़ा थाना बहरागोड़ा जनपद पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड।

बरामदगी

1–33 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा।

2–01 मैजिक पिकअप वाहन।

———